बेनी सागर तालाब में चल रहे करोड़ों के कार्य में घटिया मटेरियल का उपयोग

सत्ता संरक्षण में कोई देखने सुनने वाला नहीं, भ्रष्टाचार एवं घटिया निर्माण के मामलें में अब तक के सारे रिकार्ड तोडे

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। सत्ता एवं सत्ताधीशों के संरक्षण में वर्तमान नगर पालिका में चल रहे निर्माण एवं विकासकार्य इतने घटिया स्तर के हो रहे है कि शायद आज तक के किसी भी परिषद के कार्यकाल में इतने घटिया कार्य नही हुये होंगे।

यदि किसी भी निर्माण कार्य या विकास सहित खरीदी मामलें की निष्पक्ष जांच करा ली जाये तो भ्रष्टाचार का बहुत बडा खुलासा हो सकता है लेकिन सत्ताधीशो के संरक्षण के चलते कोई सुनने वाला नही। वर्तमान में पन्ना नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा बेनी सागर तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्य करण एवं साफसफाई के लिए एक करोड़ 30 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की गई जिसको लेकर नगर पालिका द्वारा बेनी सागर तालाब का पानी खाली कर दिया गया तथा ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया जिसमें तालाब के चारों तरफदीवार बनाई जानी है जिससे बाहर का गंदा पानी तालाब के अंदर ना पहुंचे इसके लिए गुणवत्तापूर्ण मटेरियल का उपयोग होना चाहिए लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है पतली दो सूत की छड़ का उपयोग किया जा रहा है तथा रेत के स्थान पर डस्ट मिला कर निर्माण कार्य किया जा रहा है करोड़ों के निर्माण कार्य इस प्रकार से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे है।

परिषद के कर्ताधार्ताओं एवं ठेकेदारों की पार्टनरशिप के चलते हो रहे घटिया कार्य - अपुष्ट सूत्रों से पता चला है कि नगर पालिका के 90 प्रतिशत



निर्माणकार्य सत्ताधीशो एवं नगरपालिका के सर्वेसर्वा नुमाइंदो की पार्टनरशिप एवं हिस्सेदारी के चलते अधिकांश कार्य घटिया होने के चलते बनने के कुछ समय बाद ही नष्ट होना शुरू हो जाते है। नगर पालिका द्वारा अपने चिन्हित चहेते ठेकेदारों से नगर के अधिकांश कार्य कराए जा रहे हैं। जो अत्यंत घटिया एवं गुणवत्ता हीन हैं जो कुछ ही दिनों में नष्ट हो जाते हैं उदाहरण के तौर पर गांधी चौक मुख्य मार्ग से जगदीश स्वामी मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया जो 3 महीने के अंदर ही उखड़ गई इसके पूर्व होटल शान्वी लैंडमार्क के पास बनाई गई सड़क नहर पट्टी की सड़क नहर पट्टी का नाला रानी बाग रोड की सड़क सहित बड़ा बाजार से कोतवाली चौराहा सड़क का निर्माण हुआ हैं जो गुणवत्ता हीन रहे है तथा कुछ ही दिनों में उक्त निर्माण कार्य धराशाई हो गए । उसके बावजूद संबंधित ठेकेदारों का भुगतान कर दिया गया नगर पालिका द्वारा सिर्फ कमीशन खाने के उद्देश्य से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। लगातार मामले उजागर करने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इसके साथ ही जिले के सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं विपक्षी दल के नेता भी नगर पालिका के खिलाफकुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। नगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है।

नगर की सड़के खुदी ही हुई पड़ी है चलना मुश्किल हो रहा है जबकि पन्ना नगर पवित्र तथा मंदिरों की नगरी है जहां पर बाहर से हजारों लोग मंदिर में भगवान के दर्शन करने आते हैं उसके बावजूद पन्ना नगर की स्थिति बहुत ही लचर बनी हुई है। नगर पालिका द्वारा विगत वर्षों में लगभग तीन सो करोड़ की राशि खर्च की गई लेकिन स्थिति जस की बनी हुई है।

अतिथि शिक्षकों को बड़ा झटका, 30 अप्रैल को हो जायेगी सेवा समाप्त

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं अब 30 अप्रैल तक ही रहेंगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। यह स्थिति तब है जब सरकार अतिथि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा का वादा दोहराती रही है।

इस आदेश से अतिथि शिक्षकों में असंतोष है। प्रदेश में एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो रहा है। अतिथि शिक्षकों को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा कि शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं केवल 30 अप्रैल तक ही ली जाएंगी। यह आदेश सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों और शाला प्रभारियों को भेजा गया है। बता दें कि प्रदेश में करीब 70 हजार शिक्षकों के पद रिक्त हैं, लगभग इतनी ही संख्या में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जहां रिक्त पद उपलब्ध हैं, वहां अतिथि शिक्षक निर्धारित अवधि तक सेवाएं देते रहेंगे, ताकि विद्यालयों की शैक्षणिकव्यवस्था प्रभावित न हो। राज्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने इस निर्णय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अतिथि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की अहम कड़ी हैं। उनकी सेवाओं को कुछ महीनों तक सीमित करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं वर्ष भर जारी रखने की मांग की है। ताकि उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। संघ ने इस मुद्दे को लेकर शासन स्तर पर चर्चा करने और आंदोलन की रणनीति बनाने के संकेत भी दिए हैं।

20 करोड़ की अमृत सरोवरों की पूर्णता अभी तक अधर में लटकी

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। जिले में निर्माणाधीन कई योजनाओं के कार्य जो समय पर पूर्ण हो जाने चाहिये वे आज तक पूरे नहीं हो पाये। केन्द्र सरकार की अमृत सरोवर योजना भी उसका एक उदाहरण है। जिसकी प्रगति आज तक कछुआ गति में दिखाई दे रही है।

पंचायत चुनावों के बाद इस योजना को पूरा करने के लिये कुछ प्रयास भी हुये इसके बाद भी सभी कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हो पाये। इससे समझा जा सकता है कि यहां का ग्रामीण विकास विभाग न कार्यो की पूर्णता व गुणवत्ता को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रहा। बताया गया है कि जिले में स्वीकृत अमृत सरोवरों में अब तक आधे कार्य ही पूर्ण हो पाये हैं। इनमें कई कार्य 25 प्रतिशत तो कई 50 व 75 प्रतिशत में ही आज तक लटके हुये हैं। कुछ ऐसे भी कार्य हैं जो आज तक प्रारंभ भी नहीं हो पाये। जबकि अमृत सरोवर योजना केन्द्र सरकार के प्राथमिकता वाली योजना थी। किन्तु इस जिले में इस योजना की प्रगति को इस तरह से घसीटा गया कि लगता है कि निर्मित होने वाले सरोबर दो चार साल में भी पूर्ण होने वाले नहीं है।

20 .79 करोड़ की थी योजना

बताया गया है कि अमृत सरोवरों की योजना 20 करोड़ 79 लाख की थी। प्रशासनिक स्वीकृति भी इतनी ही लागत की जारी की गई थी। किन्तु जिस तरह से प्रगति दिखाई दे रही है उससे लगता है कि इस योजना में यदि 50 प्रतिशत राशि भी व्यय कर दी गई तो वह दस करोड़ होती है। किन्तु इतनी अधिक राशि के व्यय होने के बाद यदि कोई लाभ नहीं दिखा रहा है। कई कार्य पूर्ण नहीं हो रहे हैं करोड़ों के व्यय का कोई औचित्य नहीं है।

बारिश के पहले होती पूर्णता तो जल स्तर ठीक होता

यदि अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य बारिस के पहले पूरा हो गया होता तो जिले के सरोबरों में जल भराव होता और उसका असर जल स्तर पर होगा। प्रकृतिक स्तर पर भी इसका सकारात्मक असर दिखता। सरोबरों में पौध रोपण और मछली पालन भी किया जाना था। किन्तु सभी सरोबरों का निर्माण ही नहीं हुआ तो यह सब कैसे हो सकता है। यही कारण हे कि बारिस के समय पर पौधरोपण व मछली पालन पर भी जोर दिया गया था। इस कार्य की भी प्रगति को यदि देखा जाय तो पता चलेगा सब कुछ केवल कागजों तक ही सीमित है। इससे समझा जा सकता है कि शासन की बड़ी योजनाओं को दबाने और जनता की नजरों से छिपाने के लिये यहां का प्रशासन किस तरह से आंकड़ों का खेल करता रहता है।

अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में निर्देश

पन्ना, 1 अप्रेल। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार द्वारा जिले में आगजनी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि विभिन्न माध्यमों से ग्रीष्मकाल में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों एवं फसलों में आगजनी की घटनाओं के संबंध में सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। आग बुझाने की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीणों की फसलें व जंगल जलकर नष्ट होने की संभावना रहती है। इसलिए इन घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड वाहन व अन्य वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखी जाए।

सांदीपनि विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

नवभारत न्यूज

अजयगढ, 1 अप्रेल। सांदीपनि शास. मॉडल. उ. मा. वि अजयगढ़ में नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत हेतु हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

विद्यालय के प्राचार्य ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए गत सत्र 2025-26 के सभी कक्षाओं के रिजल्ट, मेरिट लिस्ट मे आने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी अभिभावकों से उनके बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालय प्रतिदिन भेजनें का अनुरोध किया ;साथ ही स्थानीय परीक्षा मे द्वितीय अवसर प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रतिदिन उपस्थित होने के लिए कहा गया जिससे उनके सम्बन्धित विषय तैयार कराये जा सकें ताकि वह उत्तीर्ण हो सकें। इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर, फूलमालाओं एवं मिठाइयों के साथ स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें नि:शुल्क पुस्तकें,उपस्थित पात्र छात्रों को नि:शुल्क साइकिल एवं अंकपत्र वितरित किये गए ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्षा श्री मती सीता सरोज गुप्ता रही। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। अप्रैल माह के प्रथम कार्य दिवस पर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर शासकीय कार्य की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वंदे मातरम् एवं जन गण मन का सामूहिक गायन किया गया।

पहाड़ीखेरा-मझगवां सड़क निर्माण के नाम पर अवैध उत्खनन

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। जिले में विकास कार्यो की आड़ में अवैध उत्खनन आम बात बन कर रह गई है जिसके कारण शासन को भारी राजस्व क्षति पहुंच रही है।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें पहाड़ीखेरा से मझगंवा तक बनाई जा रही करीब 32 किमी लंबी सड़क निर्माण में आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही ठेकेदार फर्म कृष्णा कंस्ट्रक्शन द्वारा खुलेआम अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत पहाड़ीखेड़ा से की गई है। इसी दौरान ग्राम दिया के पास सड़क किनारे बड़े पैमाने पर खुदाई कर मिट्टी निकाली जा रही है। सैकड़ों डंफर मिट्टी सड़क पर डाली जा चुकी है, जबकि यह उत्खनन निर्धारित नियमों और मानकों के विरूद्ध बताया जा रहा है। खनिज विभाग के अनुसार संबंधित ठेकेदार फर्म ने उत्खनन के लिए किसी भी प्रकार की अस्थाई लीज प्राप्त नहीं की है। ऐसे में किया जा रहा पूरा उत्खनन अवैध की श्रेणी में आता है इसके बावजूद कार्य लगातार जारी है, जो विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के लिए निर्धारित बेस सामग्री लेने के नाम पर कहीं भी गहरे गड्ढे खोद दिये जा रहे है। इन गड्ढों की न तो भराई की जा रही है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है।

गौरतलब है कि जिले में पूर्व में ऐसे ही अवैध उत्खनन से बने गड्ढों में पानी भर जाने के कारण कई हादसे हो चुके हैं। खासकर बच्चों के डूबने से मौत के मामले सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि यह सब बिना मूक सहमति के संभव नहीं है।

आरोप है कि दबंग ठेकेदार वैधानिक तरीके से सामग्री लेने की बजाय अवैध उत्खनन कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। पूरे मामले को देखते हुए स्पष्ट है कि जिले में विकास कार्यो की आड़ में अवैध खनन का सिलसिला जारी है।

इनका कहना हैं

ठेकेदार द्वारा उत्खनन के लिए कोई भी अनुमति नहीं ली गई है, यदि बिना अनुमति उत्खनन किया जा रहा है, तो कार्रवाई की जाएगी।

रवि पटेल, उप संचालक खनिज विभाग पन्ना।

प्रवेश उत्सव के साथ आरंभ हुआ स्कूल चलें हम अभियान

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत बुधवार को शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही नवीन प्रवेशित एवं कक्षोन्नति प्राप्त करने वाली छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। इसके अलावा विभिन्न कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कार का वितरण कर बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। पन्ना विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र विद्यार्थियों का अभियान अंतर्गत विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन की कार्यवाही की जाए। स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की भी पहचान कर पुन: नामांकन करवाया जाना भी जरूरी है। विधायक ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का हक मिला है। प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। नवीन शिक्षा नीति के सभी व्यवहारिक प्रावधानों को प्रदेश में लागू करने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं अभिनव पहल की भी शुरूआत की गई है। इस दौरान स्थानीय विधायक ने पुस्तकालय और वॉटर कूलर सुविधा का लोकार्पण कर छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण भी किया। विद्यालय प्राचार्य अमीनुद्दीन ने छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न मांगों के संबंध में अवगत कराया।

सेवानिवृत डीईओ खरे को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। पन्ना जिले में जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य के पद पर पदस्थ रविप्रकाश खरे के 31 मार्च को सेवानिवृत होने पर जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा गत दिवस गरिमामय विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।

विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत डीईओ की धर्मपत्नि रंजना खरे जो इस समय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य है वह व उनकी बहिन वरिष्ठ अधिवक्ता आशा खरे सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे साथ ही जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी व जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं उनसे जुडे हुये लोग उपस्थित रहे। विदाई समारोह में सभी लोगो द्वारा डीईओ रविप्रकाश खरे की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा व उनकी कार्य कुशलता की मुक्त कंठ से सराहना की गई।

ज्ञात हो कि रवि प्रकाश खरे काम के प्रति एक सख्त अधिकारी मानें जाते थे उनकी छवि ईमानदार अधिकारियों में गिनी जाती थी। विदाई समारोह में रवि प्रकाश खरे द्वारा उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा गया कि काम के दोरान उन्हें सभी लोगो का सहयोग व स्नेह मिला साथ ही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एडीएम कुशल सिंह गौतम, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, डीपीसी अजय गुप्ता, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अमित जैन, जिला क्रीडा अधिकारी राजेश मिश्रा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। शासन के निर्देशानुसार विगत 12 जनवरी से चार चरणों में संचालित संकल्प से समाधान अभियान का बुधवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना में जिला स्तरीय शिविर आयोजित कर 22 विभागों की 106 योजनाओं के लाभ के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए। इसके पहले ग्राम एवं वार्ड स्तरीय, क्लस्टर स्तरीय तथा विकासखंड स्तरीय शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जा चुका है। जिला स्तरीय शिविर में अभियान अवधि के दौरान उपलब्धि का वाचन किया गया। पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अभियान के समापन कार्यक्रम में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबित आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही हितग्राही को आवेदन अस्वीकृति पर इसका कारण भी बताएं। वास्तव में संकल्प से समाधान अभियान की सफलता संकल्प से सिद्धि की स्थिति में पहुंचने पर ही है। इसलिए प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही कर संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए। पन्ना विधायक ने अभियान में अस्वीकृत आवेदनों की पुन: समीक्षा करवाने की बात कही। साथ ही विभिन्न विभाग के हितग्राहियों से संवाद भी किया। कलेक्टर ऊषा परमार ने अभियान के तहत शिविर के जरिए बड़ी संख्या में एवं ऑनलाइन माध्यम से भी प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी।

अमानगंज में नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। विधायक कार्यालय परिसर अमानगंज में बुधवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां एक ही परिसर में एलोपैथी, आयुर्वेद, होमियोपैथी के चिकित्सकों ने उपचार किया। मरीजों ने अपनी स्वेच्छा से अपनी पसंद की पद्धति से उपचार कराया।

सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। कुल 330 मरीजों का उपचार किया गया। नेत्र जांच में 30 मरीज मोतियाबिंद से संबंधित पाए गए, जिसमें 5 मरीज आज जानकीकुंड चित्रकूट भेजे गए। 25 मरीज 6 अप्रैल को जानकीकुंड चित्रकूट हॉस्पिटल भेजे जाएंगे। यह एक नवाचार है कि आज एक ही परिसर में सभी चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सक उपस्थित रहे, जिससे मरीज अपनी इच्छा अनुरूप चिकित्सा पद्धति से इलाज करा सके। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

संयुक्त निदेशक 3 अप्रैल को पन्ना प्रवास पर

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख रामावतार पटेल शुक्रवार, 3 अप्रैल को पन्ना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के पर्यवेक्षण सहित जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

खाद-बीज डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर किसान से लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

पन्ना, 1 अप्रेल। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खाद-बीज डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के गंभीर मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने प्रेस कान्फ्रेंस में जानकारी देते हुये बताया कि 18 अगस्त 2025 को फरियादी मुकेश कुमार साहू निवासी ग्राम बोरी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुझे खाद-बीज के डिस्ट्रीब्यूटर का लायसेन्स दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी पूर्वक 02 लाख 34 हजार 500 रूपये की ठगी कर ली है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक परशुराम डाबर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा आने जाने वाले संभावित सभी रास्तो पर लगे सीसीटीव्ही कैमरो के फुटेज खंगाले गये एवं संदेही व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले में 02 संदेही व्यक्तियों गोपीचन्द्र पिता जोधी प्रसाद श्रीवास्तव उम्र 42 वर्ष, कन्हैया लाल यादव पिता दुलारे यादव उम्र 32 वर्ष दोनो निवासी जिला सीतापुर (उ.प्र.) को सीतापुर उ0प्र0 से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फरियादी को फर्टिलाइजर कंपनी का प्रतिनिधि बनकर डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का लालच देकर डिस्ट्रीब्यूटर लाइसेंस एवं खाद-बीज उपलब्ध कराने का झांसा देकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार एवं 15 हजार रूपये नगद जप्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । मामले में 01 आरोपी अनूप पिता जोधी प्रसाद श्रीवास्तव, उम्र 42 वर्ष, निवासी जिला सीतापुर उ.प्र. फरार है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जावेगा । मामले में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पन्ना जिले के अतिरिक्त, कटनी, औरैया, जबलपुर, सिवनी एवं झाँसी में इसी तरीके की धोखाधड़ी कारित की गई है ।